**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 1951**
**गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025/20 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## एयरोस्पेस विनिर्माण क्षेत्र की प्रगति

**1951. श्री बृजमोहन अग्रवाल:**
क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत के एयरोस्पेस विनिर्माण क्षेत्र का वर्तमान बाजार आकार (भारतीय रुपये में) कितना है तथा वर्ष 2030 तक इस बाजार को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;
(ख) गत दो वित्त वर्षों के दौरान राष्ट्रीय नेटवर्क में जोड़े गये कुल परिचालनरत विमानपत्तनों की संख्या कितनी है;
(ग) देश के उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के लिए 30,000 पायलटों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा अधिदेशित विशिष्ट वार्षिक नियोजन लक्ष्य क्या हैं तथा एफटीओ परिणाम में वर्तमान में कितने प्रतिशत की कमी हुई है;
(घ) 1700 विमानों के लंबित क्रयादेश का वाहक-वार ब्यौरा क्या है तथा उक्त बेड़े के पहले एक-तिहाई विमानों को शामिल करने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है;
(ङ) छत्तीसगढ़ सहित डीजीसीए के अनुपालन हेतु पंजीकृत एफटीओ की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है; और
(च) गत तीन वित्त वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ सहित हवाई यात्री यातायात में वर्ष-दर-वर्ष कितने प्रतिशत की राज्य-वार वृद्धि हुई है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) सरकार, भारत में सार्वजनिक और निजी उद्यमों द्वारा विमान घटकों, इंजनों और संबंधित उपकरणों के विनिर्माण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को प्रोत्साहित कर रही है। भारतीय एमएसएमई के पास पहले से ही विमान घटक और एयरोस्पेस विनिर्माण का फुट्प्रिन्ट उपलब्ध है। यह सूचित किया गया है कि बोइंग और एयरबस जैसे वैश्विक ओईएम भारत में एमएसएमई से सालाना 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के विमान घटकों की सोर्सिंग कर रहे हैं। इस संबंध में निम्नानुसार कदम उठाए गए हैं:

(i) 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत वाणिज्यिक एयरो-विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2016 में व्यापक राष्ट्रीय नागर विमानन नीति (एनसीएपी) लागू की गई थी।

(ii) वर्ष 2024 में घरेलू विमान मरम्मत, घटक विनिर्माण और एमआरओ उद्योग को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार ने विनिर्दिष्ट शर्तों के अधीन उनके नामपद्धति वर्गीकरण की सुव्यवस्थित प्रणाली (एचएसएन) पर ध्यान दिए बिना 5% आईजीएसटी की समान दर लागू की हैजो विमान के हिस्सों, घटकों, परीक्षण उपकरणों, उपकरणों और टूल-किट के आयात पर लागू होगी । इससे घरेलू एयरोस्पेस उद्योग अधिक प्रतिस्पर्धी होगी।

(ख) पिछले दो वित्तीय वर्षों में बारह हवाईअड्डों अर्थात डोनी पोलो, अंबिकापुर, शिवमोगा, दतिया, अमरावती, उत्केला, अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, कूच बिहार और सतना का प्रचालन किया गया है।

(ग) डीजीसीए ने उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के लिए कोई निश्चित वार्षिक इनटेक लक्ष्य विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है। नागर विमानन के क्षेत्र में विनियामक निकाय के रूप में, डीजीसीए का अधिदेश मुख्य रूप से विनियामक निरीक्षण, मानक सेटिंग, प्रमाणन और सुरक्षा अनुपालन की निरंतर निगरानी के माध्यम से विमानन सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। डीजीसीए एफटीओ के वाणिज्यिक या परिचालन क्षमता निर्णयों को निर्धारित या नियंत्रित नहीं करता है, जैसे वार्षिक प्रशिक्षु इनटेक का निर्धारण।

वर्तमान में, डीजीसीए द्वारा अनुमोदित 40 उड़ान प्रशिक्षण संगठन पायलट लाइसेंस जारी करने के लिए देशभर में 62 उड़ान बेसों पर उड़ान प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

(घ) लंबित आदेशों के अनुसार विमान के वाहक-वार विवरण **अनुलग्नक I** में दिया गया है।

(ङ) वर्तमान में, डीजीसीए द्वारा देश भर में 62 उड़ान बेसों पर उड़ान प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 40 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, इनमें से कोई भी एफटीओ छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित नहीं है।

40 डीजीसीए द्वारा अनुमोदित उड़ान प्रशिक्षण संगठनों की राज्यवार सूची **अनुलग्नक II** में है।

(च) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ सहित राज्य-वार वर्ष-दर-वर्ष हवाई यात्री यातायात में प्रतिशत वृद्धि का ब्यौरा **अनुलग्नक III** में दी गई है।

अनुलग्नक I

**लोक सभा के दिनांक 11.12.2025 के लिखित प्रश्न संख्या 1951 के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**प्रमुख एयरलाइनों द्वारा ऑर्डर किए गए विमान**

| क्रम संख्या | प्रचालक का नाम | विमान का प्रकार | ऑर्डर किए गए विमानों की संख्या | ऑर्डर करने का वर्ष | दिनांक 15.11.2025 तक आयातित/सुपुर्द विमानों की संख्या | बकाया सुपुर्दगियां | शामिल करने हेतु संभावित समयसीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एअर इंडिया ग्रुप | ए320/ए321 | 210 | 2023 | - | 210 | 2027 से 2032 |
| | | ए350 | 40 | 2023 | 06 | 34 | 2023 से 2032 |
| | | बी787 | 20 | 2023 | - | 20 | 2025 से 2034 |
| | | बी777 | 10 | 2023 | - | 10 | 2025 से 2034 |
| | | बी737- 8 | 190 | 2023 | 50 | 140 | 2025 से 2032 |
| | | ए350 | 10 | 2024 | - | 10 | डीजीसीए से सैद्धांतिक अनुमोदन प्राप्त किया जाना है। |
| | | ए320 | 90 | 2024 | - | 90 | |
| 2 | इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड (इंडिगो) | ए320 बेड़ा | 400 | 2015 | 335 | 65 | चालू |
| | | ए320 बेड़ा | 300 | 2019 | - | 300 | 2025 से आगे |
| | | ए320 बेड़ा | 500 | 2023 | - | 500 | 2030 से आगे |
| | | ए350 | 30 | 2024 | - | 30 | 2027 से आगे |
| | | ए350 | 30 | 2025 | - | 30 | 2032 से आगे |
| 3 | एसएनवी एवीएशन प्रा. लिमिटेड (आकासा एअर) | बी737- 8 | 76 | 2021 | 30 | 46 | चालू और 2028 तक शामिल किया जाएगा |
| | | बी737- 8 | 150 | 2024 | | 150 | 2027 से 2032 |
| | | **कुल** | **2056** | - | **421** | **1635** | - |

**टिप्पणी:**

1. एयरलाइन प्रचालकों द्वारा विमान को शामिल करने के साथ साथ पट्टे की अवधि समाप्त होने के अनुरूप उनके मौजूदा विमान की पुन :डिलीवरी/निर्यात किया जाएगा। इसलिए विमान को शामिल करना एयरलाइन बेड़े में वृद्धि के साथ-साथ उस समय के दौरान मौजूदा बेड़े के प्रतिस्थापन को पूरा करेगा।
2. एयरलाइन प्रचालक वाणिज्यिक कारकों के आधार पर समय के साथ अपने बेड़े की योजना/सुधार करेंगे।

**अनुलग्नक II**

**लोक सभा के दिनांक 11.12.2025 के लिखित प्रश्न संख्या 1951 के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**डीजीसीए द्वारा अनुमोदित उड़ान प्रशिक्षण संगठनों की राज्यवार सूची**

| क्रम सं | राज्य | नाम | स्वामित्व प्रकार | उड़ान बेस |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बिहार | बिहार फ्लाइंग इंस्टीट्यूट | राज्य सरकार | पटना एयरपोर्ट, पटना |
| 2. | गुजरात | ब्लू रे एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | निजी | मेहसाणा हवाई पट्टी, अहमदाबाद, गुजरात-384002 |
| 3. | गुजरात | ड्यून्स एविएशन एकेडमी | निजी | 1. भावनगर एयरपोर्ट, भावनगर, गुजरात-364001<br>2. हमीरगढ़ हवाई पट्टी, भीलवाड़ा , राजस्थान-312901 |
| 4. | गुजरात | गुजरात फ्लाइंग क्लब, | सोसाइटी | 1. सिविल एयरोड्रोम, हरणी रोड, वडोदरा हवाई अड्डा, गुजरात।<br>2. अमरेली हवाई पट्टी, अमरेली , गुजरात-365601. |
| 5. | गुजरात | विजन फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट | ट्रस्ट | वीएफटीआई हैंगर, अमरेली एयरपोर्ट, चीतल रोड, मरेली, गुजरात 365601 |
| 6. | हरियाणा | हरियाणा सिविल एविएशन संस्थान | राज्य सरकार | 1. सिविल ऐरोड्रम, कुंजपुरा सड़क, करनाल, हरियाणा.<br>2. सिविल एयरोड्रम, हिसार, हरियाणा।<br>3. सिविल एयरोड्रम, पिंजौर, हरियाणा |
| 7. | हरियाणा | एफएसटीसी फ्लाइंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड | निजी | 1. चौधरी बंसी लाल हवाई अड्डा, भिवानी , हरियाणा<br>2. नारनौल हवाई पट्टी, हरियाणा। |
| 8. | झारखंड | अलकेमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | निजी | जमशेदपुर, झारखंड |
| 9. | झारखंड | झारखंड उड़ान संस्थान | राज्य सरकार | झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट दुमका एयरपोर्ट, दुमका , संथाल परगना दुमका झारखंड, दुमका हवाईअड्डा, दुमका , झारखंड -814119। |
| 10. | कर्नाटक | सरकार उड़ान प्रशिक्षण विद्यालय | राज्य सरकार | जक्कुर हवाईअड्डा, बेंगलुरु , कर्नाटक |
| 11. | कर्नाटक | ओरियंट फ्लाइंग एविएशन एकेडमी | निजी | मैसूर एयरपोर्ट, मंडकली पोस्ट, मैसूर, कर्नाटक-571311 |
| 12. | कर्नाटक | एविएशन कनेक्टिविटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड | निजी | पुराना टेक्निकल ब्लॉक, ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर (पुराना एमईटी ऑफिस), पुराना टेक्निकल ब्लॉक, धारवाड़ जिला, कर्नाटक , पिनकोड-580030 |
| 13. | केरल | राजीव गांधी अकेडमी फॉर एविएशन टेक्नॉलाजी | राज्य सरकार | अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, तिरुवनंतपुरम, केरल |
| 14. | मध्य प्रदेश | चिमस विमानन एकेडमी , | निजी | 1. ढाना हवाई पट्टी, सागर , मध्य प्रदेश।<br>2. नीमच एयरस्ट्रिप, जयसिंहपुरा, नीमच , मध्य प्रदेश - 458441 |
| 15. | मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश फ्लाइंग क्लब लिमिटेड | सोसाइटी | 1. देवी अहिल्याबाई होल्कर एयरपोर्ट, नागरिक हवाई अड्डा, बिजासन रोड, इंदौर, मध्य प्रदेश।<br>2. राजा भोज एयरपोर्ट, नैरागढ़ , भोपाल, मध्य प्रदेश-462030। |
| 16. | मध्य प्रदेश | शा-शिब फ्लाइंग एकेडमी, | सोसाइटी | गुना हवाईअड्डा, मध्य प्रदेश |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 17. | मध्य प्रदेश | जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | निजी | 1. फ्लाई ओला एविएशन एकेडमी , टर्मिनल रोड, खजुराहो एयरपोर्ट, खजुराहो , मध्य प्रदेश।<br>2. फ्लाई ओला एविएशन एकेडमी , जलगांव , महाराष्ट्र |
| 18. | मध्य प्रदेश | इंडियन फ्लाइंग एकेडमी | निजी | खजुराहो हवाईअड्डा, खजुराहो, मध्य प्रदेश |
| 19. | महाराष्ट्र | एकेडमी आफ़ कार्वर एविएशन, | निजी | बारामती एयरपोर्ट, बारामती, महाराष्ट्र |
| 20. | महाराष्ट्र | एम्बिशन्स फ्लाइंग क्लब प्राइवेट लिमिटेड | निजी | कराड एयरपोर्ट, कराड , सतारा, महाराष्ट्र-415124 |
| 21. | महाराष्ट्र | नागपुर फ्लाइंग क्लब | राज्य सरकार | 1. हैंगर नं. 1, डॉ . बाबासाहेब अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, सोनेगांव एयरोड्रम, नागपुर, महाराष्ट्र 440005.<br>2. चंद्रपुर , मोरवा , नागपुर, महाराष्ट्र. |
| 22. | महाराष्ट्र | राष्ट्रीय फ्लाइंग प्रशिक्षण संस्थान, प्राइवेट लिमिटेड, | निजी | बिरसी एयरपोर्ट, पीओपी; परसवाड़ा, गोंदिया , महाराष्ट्र |
| 23. | महाराष्ट्र | रेडबर्ड फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड | निजी | 1. बारामती हवाईअड्डा, बारामती पुणे, महाराष्ट्र 413133।<br>2. सुकतारा एयरपोर्ट, सिवनी , मध्य प्रदेश।<br>3. लीलाबाड़ी हवाईअड्डा, असम।<br>4. कलबुरगि हवाईअड्डा, कर्नाटक।<br>5. बेलगावी एयरपोर्ट, बेलगावी , कर्नाटक |
| 24. | महाराष्ट्र | एसवीकेएम एनएमआईएमएस एकेडमी आफ़ एविएशन | निजी | शिरपुर हवाई पट्टी, जिला धुले , महाराष्ट्र 425405 |
| 25. | महाराष्ट्र | स्काईनेक्स एयरो प्राइवेट लिमिटेड | निजी | 1. जलगाँव हवाई अड्डा, जलगाँव , महाराष्ट्र 425003<br>2. मेहसाणा , गुजरात |
| 26. | महाराष्ट्र | बॉम्बे फ्लाइंग क्लब, | सोसाइटी | 1. जुहू एयरपोर्ट, सांताक्रूज (डब्ल्यू), मुंबई , महाराष्ट्र.<br>2. धुले हवाई पट्टी, मुंबई, महाराष्ट्र |
| 27. | ओडिशा | सरकारी विमानन प्रशिक्षण संस्था | राज्य सरकार | 1. बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, भुवनेश्वर , ओडिशा।<br>2. बिरसल एयरस्ट्रिप, बिरसल , ढेंकनाल , ओडिशा-759039 |
| 28. | पंजाब | पटियाला विमानन क्लब | राज्य सरकार | 1. हैंगर-1, सिविल एयरोड्रम, संगरूर रोड, पटियाला, पंजाब।<br>2. श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, अमृतसर, पंजाब। |
| 29. | राजस्थान | वनस्थली विद्यापीठ ग्लाइडिंग फ्लाइंग क्लब | सोसाइटी | बनस्थली हवाईअड्डा, जिला टोंक, राजस्थान-304022 |
| 30. | राजस्थान | अव्याना एविएशन प्राइवेट लिमिटेड | निजी | किशनगढ़ एयरपोर्ट, अजमेर, राजस्थान-305802 |
| 31. | तमिलनाडु | एकवी एयर ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन | निजी | सलेम एयरपोर्ट, तमिलनाडु-636309 |
| 32. | तेलंगाना | एशिया पेसेफिक फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी लिमिटेड | | 1. जीएमआर एचआईएएल एयरपोर्ट, राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, शमशाबाद , हैदराबाद, तेलंगाना। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | 2. कलबुरगि एयरपोर्ट, गुलबर्गा, कर्नाटक |
| 33. | तेलंगाना | फ्लाईटेक एविएशन एकेडमी, | निजी | 1. नादेरगुल एयरोड्रोम, हैदराबाद, तेलंगाना<br>2. नागार्जुन सागर , एयरफील्ड, गुंटूर, आंध्र प्रदेश |
| 34. | तेलंगाना | तेलंगाना राज्य विमानन एकेडमी , | राज्य सरकार | बेगमपेट एयरपोर्ट, हैदराबाद, तेलंगाना 500011 |
| 35. | तेलंगाना | विंग्स एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, | निजी | बेगमपेट एयरपोर्ट, हैदराबाद, तेलंगाना 500016 |
| 36. | उत्तर प्रदेश | चेतक एविएशन | सोसाइटी | एमएस-10, एनएच-91, अलीगढ़ हवाई पट्टी, धनीपुर अलीगढ़, उत्तर प्रदेश |
| 37. | उत्तर प्रदेश | फाल्कन एविएशन एकेडमी | निजी | 1. सिविल एयरपोर्ट, अयोध्या , फैजाबाद , उत्तर प्रदेश।<br>2. रीवा एयरफील्ड, रीवा , मध्य प्रदेश। |
| 38. | उत्तर प्रदेश | गर्ग एविएशन लिमिटेड | निजी | हैंगर नंबर 3, सिलिव एयरोड्रम कैंट कानपुर, उत्तर प्रदेश |
| 39. | उत्तर प्रदेश | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान एकेडमी | केंद्र सरकार | 1. फुरसतगंज , जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश 229302.<br>2. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, बिरसी हवाई अड्डा, गोंदिया, महाराष्ट्र।<br>3. कलबुरगि एयरपोर्ट, गुलबर्गा, कर्नाटक |
| 40. | उत्तर प्रदेश | पायनियर फ्लाइंग एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड | निजी | स्काईनेक्सएमएस-10, एनएच-91, धनीपुर एयरपोर्ट, डाक पनेथी , अलीगढ़, उत्तर प्रदेश-202001 |

**अनुलग्नक III**

**लोक सभा के दिनांक 11.12.2025 के लिखित प्रश्न संख्या 1951 के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

| वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान (संख्या में) राज्यवार कुल यात्रियों की संख्या वृद्धि दर सहित | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य** | **2021-22** | **2022-23** | **2021-22 के संदर्भ में 2022-23 में हुई वृद्धि** | **2023-24** | **2022-23 के संदर्भ में 2023-24 में हुई वृद्धि** | **2024-25** | **2023-24 के संदर्भ में 2024-25 में हुई वृद्धि** |
| दिल्ली | 39340008 | 65328018 | 66.1% | 73673877 | 12.8% | 79259936 | 7.6% |
| महाराष्ट्र | 27777367 | 56112562 | 102.0% | 67072624 | 19.5% | 70817308 | 5.6% |
| कर्नाटक | 17973582 | 34657726 | 92.8% | 40529695 | 16.9% | 45212219 | 11.6% |
| तमिलनाडु | 12193651 | 23983881 | 96.7% | 27404120 | 14.3% | 29380660 | 7.2% |
| तेलंगाना | 12432929 | 20997965 | 68.9% | 25050346 | 19.3% | 29181072 | 16.5% |
| पश्चिम बंगाल | 13266139 | 20816581 | 56.9% | 23421929 | 12.5% | 25569494 | 9.2% |
| केरल | 8837550 | 16530563 | 87.0% | 19269114 | 16.6% | 21071752 | 9.4% |
| गुजरात | 7822239 | 13575521 | 73.6% | 15745612 | 16.0% | 18008745 | 14.4% |
| उत्तर प्रदेश | 6446721 | 9603285 | 49.0% | 11302659 | 17.7% | 14227967 | 25.9% |
| गोवा | 5238051 | 9023553 | 72.3% | 11278498 | 25.0% | 11888726 | 5.4% |
| राजस्थान | 4874960 | 7198657 | 47.7% | 8242580 | 14.5% | 8970754 | 8.8% |
| असम | 4124794 | 6348422 | 53.9% | 7386309 | 16.3% | 7661986 | 3.7% |
| जम्मू और कश्मीर | 4431688 | 5989184 | 35.1% | 5662108 | -5.5% | 6086616 | 7.5% |
| आंध्र प्रदेश | 3178946 | 4927856 | 55.0% | 5251936 | 6.6% | 5900958 | 12.4% |
| मध्य प्रदेश | 2832836 | 4640310 | 63.8% | 5503314 | 18.6% | 6159848 | 11.9% |
| बिहार | 3634940 | 4592209 | 26.3% | 4286811 | -6.7% | 4671954 | 9.0% |
| ओडिशा | 2399170 | 3871110 | 61.4% | 4873716 | 25.9% | 5211879 | 6.9% |
| चंडीगढ़ | 2289169 | 3677786 | 60.7% | 3721229 | 1.2% | 4149840 | 11.5% |
| पंजाब | 1395147 | 2516970 | 80.4% | 3095893 | 23.0% | 3611107 | 16.6% |
| झारखंड | 1723237 | 2498607 | 45.0% | 2750357 | 10.1% | 2860366 | 4.0% |
| छत्तीसगढ़ | 1479032 | 2356552 | 59.3% | 2518220 | 6.9% | 2684210 | 6.6% |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्तराखंड | 936147 | 1667517 | 78.1% | 1710854 | 2.6% | 1842254 | 7.7% |
| त्रिपुरा | 901206 | 1386087 | 53.8% | 1470670 | 6.1% | 1410793 | -4.1% |
| अंडमान एवं निकोबर द्वीप समूह | 761610 | 1273138 | 67.2% | 1453811 | 14.2% | 1656704 | 14.0% |
| मणिपुर | 814913 | 1233997 | 51.4% | 1274666 | 3.3% | 1406227 | 10.3% |
| लद्दाख | 1050714 | 1260725 | 20.0% | 1074426 | -14.8% | 1194892 | 11.2% |
| मिजोरम | 190462 | 357639 | 87.8% | 398667 | 11.5% | 493465 | 23.8% |
| नागालैंड | 206519 | 295361 | 43.0% | 319590 | 8.2% | 336870 | 5.4% |
| हिमाचल प्रदेश | 149527 | 205111 | -40.1% | 238059 | 16.1% | 264976 | 11.3% |
| मेघालय | 62824 | 109788 | 74.8% | 154658 | 40.9% | 119982 | -22.4% |
| अरुणाचल प्रदेश | 12584 | 62156 | 393.9% | 168348 | 170.8% | 188459 | 11.9% |
| लक्षद्वीप द्वीप | 34896 | 48485 | 38.9% | 47266 | -2.5% | 117409 | 148.4% |
| दमन और दीव | 31860 | 40109 | 25.9% | 66252 | 65.2% | 104218 | 57.3% |
| पुदुचेरी | 1012 | 75870 | 7397.0% | 45441 | | 34190 | -24.8% |
| सिक्किम | 44740 | 15707 | -64.9% | 8417 | -46.4% | 11111 | 32.0% |
| हरियाणा | 271 | 128 | -52.8% | 35 | -72.7% | 0 | -100.0% |
| **कुल योग** | **188891441** | **327279136** | **73.3%** | **376472107** | **15.0%** | **411768947** | **9.4%** |

**स्रोत: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

*****